दिनांक–03.06.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेष में कल होने वाली मतगणना के लिये तैयारियां पूरी। 29 सीटों पर सुबह 8 बजे से होगी मतगणना।
- राजगढ़ में ट्रेक्टर ट्राली पलटने से 13 लोगों की मौत, 15 घायल।
- जल संरक्षण के लिये 5 से 16 जून तक प्रदेष में चलेगा विषेष अभियान।
- ट्वेंटी–ट्वेंटी विष्व कप में कल वेस्टइंडीज ने पापुआ न्यू गिनी को हराया। आज होंगे दो मैच।

मतगणना

लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती कल होगी। साथ ही आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव और कुछ विधानसभा सीटों के उप–चुनाव की मतगणना भी होगी। मतगणना सुबह 8 बजे आरंभ होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतगणना के रुझान और परिणाम आयोग की वेबसाइट results.eci.gov.in तथा वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी उपलब्ध होंगे।

मतगणना तैयारियां–प्रदेष

प्रदेश में भी कल होने वाली मतगगणना के लिये तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। धार में कड़ी सुरक्षा के बीच पोस्टल बेलेट पेटियों का स्थानांतरण आज अभ्यर्थियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थित में किया जाएगा। कोषालय स्थित कन्ट्रोल रूम में पोस्टल बेलेट की पेटियॉ आज मतगणना स्थल शासकीय पोलिटेक्निक कॉलेज ले जाकर सील की जायेगी। शाजापुर में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में होने वाली मतगणना परिसर में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश को रोकने के लिए त्रि–चक्रीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यहां देवास सीट की आठों विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना होगी। आगरमालवा के विधानसभा क्षेत्र सुसनेर व आगर की मतगणना पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में होगी। जिसकी सभी तैयारिया पूरी कर ली गई है। ग्वालियर में कल प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ताओं की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम सुबह साढ़े छः बजे खोले जायेंगे। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी रुचिका चौहान ने बताया कि डाक मत पत्रों एवं ईवीएम में दर्ज मतों की गिनती प्रातः 8 बजे शुरू होगी। जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के मतों एवं डाक मत पत्रों की गिनती एमएलबी कॉलेज में होगी। कटनी में कृषि उपज मंडी परिसर पहरूआ में मतगणना होगी। जिले की बड़वारा विधानसभा क्षेत्र शहडोल लोकसभा, जबकि विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा, बहोरीबंद एवं विजयराघवगढ़ संसदीय क्षेत्र खजुराहो सीट के तहत आते है। बालाघाट में मतगणना की तैयारियां अंतिम चरणों मे पहुँच गई है। कल शाम जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने तैयारियो का जायजा लेने पहुँचे। उन्होंने मतगणना स्थल पर बिजली और अतिरिक्त जनरेटर की व्यस्था की समीक्षा की। रायसेन में शास. पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कलेक्टर ने मतगणना स्थल की सुरक्षा, मतगणना परिसर में प्रवेश, गर्मी को देखते हुए एम्बुलेंस, दवाईयां, फायर ब्रिगेड, मतगणना सूचनाओं का चक्रवार आदान–प्रदान व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। मंडला में आज रानी फूलकुंवर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में मतगणना कार्य से संबंधित माकड्रिल किया जाएगा। सतना में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होने वाली मतगणना के लिए कलेक्टर ने मतगणना स्थल पर 100 मीटर की परिधि में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा जारी की गई है। सागर में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम में मतगणना केंद्र तैयार किया गया है जबकि विदिशा में शासकीय आदर्श महाविद्यालय जापरखेड़ी में मतगणना की जाएगी इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है।

राजगढ़ हादसा

राजगढ़ जिले में कल रात बारातियों से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटने से 13 लोगों की मौत हो गई है। राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने इसकी पुष्टि की है। हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं, जन्हें जिला अस्पताल लाया गया है। हादसा रविवार रात को करीब साढ़े नौ बजे राजगढ़ जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर पिपलोदी के पास हुआ है। राजस्थान के झालावाड़ जिले के ग्राम मोतीपुरा से ट्रैक्टर–ट्रॉली में सवार लोग बारात लेकर राजगढ़ जिले के देहरीनाथ ग्राम पंचायत के गांव कुलामपुरा आ रहे थे। इसी दौरान पिपलोदी गांव के पास ट्रैक्टर–ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। हादसे के वक्त ट्रैक्टर–ट्रॉली में करीब 40 से 50 लोग सवार थे। घायलों को घटना स्थल से अस्पताल लाने के लिए सात से अधिक एबुलेंस को मौके पर भेजा गया था। देर रात राज्य मंत्री नारायण सिंह भी जिला अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ के पिपलोदी में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के झालावाड़ जिले के 13 लोगों की असमय मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। हम राजस्थान सरकार के संपर्क में हैं और राजस्थान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।

बैतूल–शहद

और अब बात बैतूल के शहद की..यूं तो शहद गुणों का खजाना है, लेकिन बैतूल के आदिवासियों के लिए यह शहद ज़िंदगी मे भी मिठास भर रहा है। वन विभाग ने 10 गांव के 200 आदिवासी परिवारों को प्रशिक्षित किया और अब यही आदिवासी आर्गनिक शहद से अपने ओर परिवार के जीवन मे सुख घोल रहे है। इन आदिवासियों ने बीते वर्ष 80 क्विंटल शहद बेचा था और इस वर्ष इनका लक्ष्य 150 क्विंटल का है। पेश है हमारे बैतूल संवाददाता मयंक भार्गव की यह खास रिपोर्ट :

वीसी–मयंक भार्गव, पीटीसी, बैतूल

(वन विभाग से मिली शहद तोड़ने की ट्रेनिंग ओर किट ने आदिवासियों की ज़िंदगी बदल दी है। सीज़न में यह आदिवासी शहद तोड़कर वन समिति में देते है। जंहा से उन्हें अच्छा पैसा मिल जाता है। आदिवासी राजू सेलुकर अपनी टीम के साथ शहद निकालने का काम करते हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस वर्ष एक–एक सदस्य 50 से 60 हजार रुपये कमा लेगा।

बाईट : राजू सेलुकर, ग्रामीण सौतखेड़ा

पश्चिम वन मण्डल की नान्दा समिति आदिवासियों से शहद लेकर वन मेलो के अलावा विंध्य हर्बल सोसायटी को देते है जो कि इसे अच्छे दामो में बाज़ार में बेचते है। नान्दा समिति में कुल 10 गांव की 40 समितिया है। पहले आदिवासी यह शहद बिचौलियों को 150 रुपये किलो बेच देते थे। वन विभाग आर्गेनिक शहद होने की वजह से 225 रुपये किलो एमएसपी पर खरीद रहा है।

बाइटः वरुण यादव , डीएफओ पश्चिम वन मण्डल

आदिवासी परिवारों में शहद उत्पादन ने बदलाव की इबारत लिखनी शुरू कर दी है।

(मयंक भार्गव, आकाशवाणी समाचार, बैतूल )

पर्यावरण विशेष अभियान–प्रदेष

प्रदेश के जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सफल व सुचारू संचालन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सभी कलेक्टरों को दिशा–निर्देश जारी किए हैं। अभियान के दौरान जल संरचनाओं के उन्नयन करने।

जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले को डायवर्सन के उपरांत शोधित कर जल संरचना में छोड़ने, जल संरचनाओं को व्यवसाय व रोजगार मूलक बनाने के उद्देश्य से पर्यटन, मत्स्य पालन, सिंघाड़े का उत्पादन जैसी संभावनाओं का निर्धारण करने के निर्देश जारी किए गए है। अभियान के दौरान जन–जागरूकता के उद्देश्य से 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय में जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 8 जून को जन भागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ सफाई की जाएगी। 9 जून को जल संरचनाओं के समीप कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा साथ ही जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, 10 से 16 जून तक योजनानुसार जीर्णोद्धार के साथ–साथ जल संरचनाओं की साफ–सफाई भी होगी। 15 व 16 जून को गंगा दशमी के अवसर पर प्रमुख जल स्रोतों के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गंगा आरती, भजन समारोह इत्यादि आयोजित किये जायेंगें।

<u>ट्वेन्टी–20 विश्व कप</u>

आईसीसी टवेन्टी–ट्वेन्टी विश्व कप क्रिकेट में कल रात वेस्टइंडीज ने पापुआ न्यू गिनी को पांच विकेट से हरा दिया। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में पापुआ न्यू गिनी द्वारा दिए गए 137 रन का लक्ष्य वेस्टइंडीज ने 19 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज की ओर से रोस्टन चेज़ ने सर्वाधिक नाबाद 42 रन बनाए। चेज़ को प्लेयर ऑफ़ द मैच घोषित किया गया।

विश्व कप में आज दो मैच खेले जाएंगे। बारबाडोस के ब्रिजटाउन–केंसिंग्टन ओवल में नामिबिया का मुकाबला ओमान से चल रहा है। दूसरा मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रात 8 बजे श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा में ग्राम नांदियाखेड़ी में मिट्टी निकालने गई महिलाओं द्वारा खदान के भीतर खुदाई करने के दौरान खदान धंसने से एक महिला की दबने से मौत हो गई है और दो महिलाए घायल हो गई।
- कटनी मे रबी विपणन वर्ष 2024–25 में प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय से शेष रहे किसानों को समर्थन मूल्य गेहूं विक्रय का अवसर प्रदान कराने के लिए उपार्जन की अवधि 25 जून 2024 तक बढ़ाई गई है।
- देशभर में अमूल दूध की कीमत आज से 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ जाएगी। अमूल ब्रांड के नाम से दूध और इसके उत्पादों की बिक्री करने वाले गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ ने दूध के पॉली–पैक की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की घोषणा की है।

———————————————